सीएसआईआर -केन्द्रीय चर्म अनुसंधान संस्थान

CSIR- CENTRAL LEATHER RESEARCH INSTITUTE

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् Council of Scientific & Industrial Research

अडयार, चेन्नै, तमिलनाडु, भारत Adyar, Chennai-600 020 Tamil Nadu ,-India

अधिसूचना सं. 2/2017

ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख : 01/05/2017

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख : 08/05/2017

सं.4(102)/2016-EI   दिनांक : 01/04/2017

केन्द्रीय चर्म अनुसंधान संस्थान, चेन्नई वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् के तत्वावधान में कार्यरत एक राष्ट्रीय प्रयोगशाला है, जो चर्म विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान से संबद्ध विश्व के प्रमुख संस्थानों में से एक है। यह प्रतिभावान और कर्मठ भारतीय नागरिकों में से अत्यंत प्रतिभावान पेशेवरों को निम्न क्षेत्रों में नियुक्त करना चाहता है।

पद / समूह / ग्रेड	पदों की संख्या	वेतन बैंड	ग्रेड वेतन	कुल परिलब्धियाँ	ऊपरी आयु सीमा ** (आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख को)
वैज्ञानिक Gr IV (2)	10	रु. 15600-39100 (PB-3)	रु. 6600	रु. 75,511/-	32 वर्ष
वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक Gr IV (5)	1	रु. 37400-67000 (PB-4)	रु. 8900	रु. 1,39,176/-	50 वर्ष
वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) Gr III(4)	1	रु. 15600-39100 (PB-3)	रु. 5400	रु. 62, 594/-	45 वर्ष (PwD छूट समेत)

* चेन्नै शहर के लिए लागू HRA सहित वेतनमान के न्यूनतम पर सन्निकट परिलब्धियाँ

** आयु सीमा में छूट के लिए कृपया छूट का कॉलम देखें

उपरोक्त सभी पद आवश्यकता के अनुरूप सीएलआरआई, चेन्नई अथवा अहमदाबाद, जालंधर, कानपुर या कोलकता में स्थित क्षेत्रीय केन्द्रों के लिए है।

क्र.सं.	पद का कोड / आरक्षण / क्षेत्र	वेतन बैंड & ग्रेड वेतन (GP)	पदनाम और पदों की संख्या / ऊपरी आयु सीमा	अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएँ एवं अनुभव	वांछनीय योग्यताएँ / अनुभव	कार्य का विनिर्देशन
1	**S1701 UR** **पर्यावरण प्रयोगशाला**	रु. 15600 - 39100 (PB-3) GP: रु. 6600	वैज्ञानिक 1 पद आयु सीमा : 32 वर्ष	पर्यावरण रसायन विज्ञान / पर्यावरण जैव-प्रौद्योगिकी / पर्यावरण सूक्ष्मजैविकी में Ph.D प्रस्तुत	उत्पाद विनिर्माण उद्योगों में उत्पन्न द्रव, ठोस और गैसीय अपशिष्टों के प्रबंधन के लिए प्रगत प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान का अनुभव उत्पाद विकास / प्रौद्योगिकी	चर्म / चर्म उत्पाद उत्पादन उद्योगों से उत्पन्न द्रव, ठोस और गैसीय अपशिष्टों के प्रबंधन के लिए अनुसंधान करना, द्रव और ठोस

क्र.सं.	पद का कोड / आरक्षण / क्षेत्र	वेतन बैंड & ग्रेड वेतन (GP)	पदनाम और पदों की संख्या / ऊपरी आयु सीमा	अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएँ एवं अनुभव	वांछनीय योग्यताएँ / अनुभव	कार्य का विनिर्देशन
					नवाचार / अनुप्रयुक्त प्रौद्योगिकी के साथ-साथ क्षेत्र स्तर पर कार्यान्वयन में अनुभवी उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी।	अपशिष्टों के लिए बनाए गए उपचार संयंत्रों के प्रदर्शन के मूल्यांकन में वरिष्ठ वैज्ञानिकों की सहायता करना, मानव संसाधन विकास संबंधी गतिविधियों में वरिष्ठ वैज्ञानिकों की सहायता करना
2	S1702 OBC पर्यावरण प्रयोगशाला	रु. 15600-39100 (PB-3) GP: रु. 6600	वैज्ञानिक 1 पद OBC के लिए आरक्षित आयु सीमा : 35 वर्ष (OBC के लिए आयु में छूट समेत)	सिविल इंजीनियरिंग में बैचिलर डिग्री और पर्यावरण अभियांत्रिकी में M.E/ M Tech	उत्पाद निर्माण उद्योगों में उत्पन्न द्रव, ठोस और गैसीय अपशिष्टों के लिए उपचार संयंत्र तैयार करने में अनुभव। उत्पाद विकास / प्रौद्योगिकी नवाचार / अनुप्रयुक्त प्रौद्योगिकी के साथ-साथ क्षेत्र स्तर पर कार्यान्वयन में अनुभवी उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी। हिंदी में अच्छा संप्रेषण कौशल होना।	उत्पाद निर्माण उद्योगों में उत्पन्न द्रव, ठोस और गैसीय अपशिष्टों के लिए उपचार संयंत्रों का डिजाइन करने में वरिष्ठ वैज्ञानिकों की सहायता करना। भारत और विदेशों में उपचार संयंत्रों के निष्पादन में वरिष्ठ वैज्ञानिकों की सहायता करना। पर्यावरण प्रबंधन से संबंधित मानव संसाधन विकास गतिविधियों में वरिष्ठ वैज्ञानिकों की सहायता करना।
3	S1703UR रासायनिक प्रयोगशाला	रु. 15600-39100 (PB-3) GP: रु. 6600	वैज्ञानिक 1 पद आयु सीमा : 32 वर्ष	जैव-अकार्बनिक विशेषज्ञता के साथ रसायन विज्ञान में Ph.D प्रस्तुत	जैव अकार्बनिक रसायन विज्ञान में डॉक्टरेट थीसिस मेट्रो प्रोटीन इंटरैक्शन, मेटलो एंजाइमों का इंजीनियरिंग,	धातु-डीएनए, धातु-प्रोटीन पारस्परिक क्रिया के क्षेत्रों में अनुसंधान को आगे बढ़ाना और खनिज

क्र.सं.	पद का कोड / आरक्षण / क्षेत्र	वेतन बैंड & ग्रेड वेतन (GP)	पदनाम और पदों की संख्या / ऊपरी आयु सीमा	अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएँ एवं अनुभव	वांछनीय योग्यताएँ / अनुभव	कार्य का विनिर्देशन
					धातु-DNA इंटरैक्शन में दो वर्षों का अनुभव, विभिन्न स्पेक्ट्रोस्कोपिक लक्षण-वर्णन में अच्छा ज्ञान, अत्यधिक प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशन का प्रमाण। उत्पाद विकास / प्रौद्योगिकी नवाचार / अनुप्रयुक्त प्रौद्योगिकी में अनुभवी उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी।	आधारित सिंथेटिक टैनिंग एजेंट का विकास करना।
4	**S1704OBC** **CATERS**	रु. 15600-39100 (PB-3) GP: रु. 6600	वैज्ञानिक 1 पद OBC के लिए आरक्षित आयु सीमा: 35 वर्ष (OBC के लिए आयु में छूट समेत)	अकार्बनिक / कार्बनिक/ विश्लेषणात्मक रसायन विज्ञान में Ph.D प्रस्तुत	विभिन्न स्पेक्ट्रोस्कोपिक तकनीकों की अच्छी जानकारी, HPLC, GC-MS, MALDI-TOF आदि को हैंडल करने में 2 वर्षों का अनुभव, बहुत प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशन का प्रमाण उत्पाद विकास / प्रौद्योगिकी नवाचार / अनुप्रयुक्त प्रौद्योगिकी में अनुभवी उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी।	प्रतिबंधित पदार्थों का नियमित विश्लेषण करना, मानकों के अनुपालन के लिए नया प्रोटोकॉल विकसित करना, मान्यता के लिए QC मानकों का विकास करना।
5	**S1705 OBC** **SPDC**	रु. 15600-39100 (PB-3) GP: रु. 6600	वैज्ञानिक 1 पद आयु सीमा: 35 वर्ष (OBC के लिए आयु में छूट समेत)	फुटवेयर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग में M. Tech	1. विभिन्न जूता निर्माण प्रक्रियाओं में विशेषज्ञता. 2. जूता निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले चर्म की पूरी जानकारी, फुटवेयर संविरचन के लिए जूता मशीनरी का उपयोग करना, बहुत कम विनिर्माण के विशेष संदर्भ के साथ आधुनिक उत्पादन प्रणालियों का उपयोग करने में अनुभव। 3. गुणवत्ता प्रणाली का ज्ञान,	निम्नलिखित में वरिष्ठ वैज्ञानिकों की सहायता करना: जूता संविरचन तकनीकों में अनुसंधान और विकास गतिविधियाँ उत्पादकता में सुधार, बेंचमार्किंग, बहुत कम उत्पादन

क्र.सं.	पद का कोड / आरक्षण / क्षेत्र	वेतन बैंड & ग्रेड वेतन (GP)	पदनाम और पदों की संख्या / ऊपरी आयु सीमा	अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएँ एवं अनुभव	वांछनीय योग्यताएँ / अनुभव	कार्य का विनिर्देशन
					उत्पादकता में सुधार और एर्गोनोमिक कार्य के लिए कार्य और तरीकों का अध्ययन। 4. उत्पाद विकास / प्रौद्योगिकी नवाचार / अनुप्रयुक्त प्रौद्योगिकी में अनुभवी उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी।	और चर्म उपभोग की गणना में अनुसंधान एवं विकास और कंसल्टेंसी असाइनमेंट कक्षाओं का संचालन, व्यावहारिक निरूपण, प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन और विभिन्न आउटरीच कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार सहित HRD की गतिविधियां
6	**S1706 UR** **SPDC**	रु. 15600-39100 (PB-3) GP: रु. 6600	वैज्ञानिक 1 पद आयु सीमा: 32 वर्ष	औद्योगिक डिजाइन/ उत्पाद डिजाइन/ जीवनशैली सहायक डिजाइन में M. Des अथवा समकक्ष	1. जीवनचर्या में प्रयुक्त उत्पादों की धारणा, सृजनात्मकता और नए उत्पाद नवाचार में विशेषज्ञता 2. आकृति और सौंदर्य का पहलू जोडते हुए उत्पाद स्टाइलिग का ज्ञान 3. एर्गोनॉमिक्स और मानविकीय प्रौद्योगिकी में पूरी जानकारी 4. नवीनतम कंप्यूटर समर्थित डिजाइन सॉफ्टवेयर में निपुणता और उत्पाद प्रोटोटाइपिंग का ज्ञान 5. उत्पाद विकास / प्रौद्योगिकी नवाचार / अनुप्रयुक्त प्रौद्योगिकी में अनुभवी उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी।	निम्नलिखित में वरिष्ठ वैज्ञानिकों की सहायता करना : जीवनचर्या में उपयुक्त चर्म उत्पादों के नवाचार और डिजाइन में R&D की गतिविधियाँ। नवीनतम प्रवृत्तियों और पूर्वानुमान के साथ ग्राहकों के लिए उत्पादों का रेंज निर्माण। शिल्प और जीवनचर्या में प्रयुक्त चर्म उत्पादों का डिजाइन डेटाबेस पूल का सृजन करना

क्र.सं.	पद का कोड / आरक्षण / क्षेत्र	वेतन बैंड & ग्रेड वेतन (GP)	पदनाम और पदों की संख्या / ऊपरी आयु सीमा	अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएँ एवं अनुभव	वांछनीय योग्यताएँ / अनुभव	कार्य का विनिर्देशन
						चर्म उत्पाद क्षेत्र में कार्य और कार्य के माहौल के मानवीयकरण के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य कक्षाओं का संचालन, व्यावहारिक निरूपण, प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन और विभिन्न आउटरीच कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार सहित HRD की गतिविधियां
7	**S1707 UR &S1708 UR** **S1709OBC** **चर्मशोधनालय**	रु. 15600-39100 (PB-3) GP: रु. 6600	वैज्ञानिक (3 पद) 2 पद अनारक्षित आयु सीमा: 32 वर्ष एक पद OBC के लिए आरक्षित आयु सीमा : 35 वर्ष (OBC के लिए आयु में छूट समेत)	चर्म प्रौद्योगिकी में M.Tech अथवा समकक्ष	1. चर्म प्रौद्योगिकी में Ph.D. 2. उत्पाद विकास / प्रौद्योगिकी नवाचार / अनुप्रयुक्त प्रौद्योगिकी में अनुभवी उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी।	चर्म विज्ञान और प्रौद्योगिकी में R&D कार्य करना प्रौद्योगिकी के प्रसारण में भाग लेना
8	**S1710 UR** **PPBD**	रु. 15600-39100 (PB-3) GP: रु. 6600	वैज्ञानिक 1 पद 32 वर्ष	Ph.D (सांख्यिकी) प्रस्तुत किया गया	1. सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर के प्रयोग का ज्ञान 2. उत्पाद विकास / प्रौद्योगिकी नवाचार / अनुप्रयुक्त प्रौद्योगिकी में अनुभवी उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी।	क्षेत्र सर्वेक्षणों का डिजाइन और निष्पादन, डेटा का विश्लेषण, रिपोर्ट तैयार करना।
10	**SP1711 UR** **जैविक विज्ञान**	रु. 37400-67000 (PB-4)	वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक	जैविक विज्ञान में Ph.D और जैव	उत्पाद विकास / प्रौद्योगिकी नवाचार/अनुप्रयुक्त प्रौद्योगिकी	जैव विज्ञान समूह का नेतृत्व करना

क्र.सं.	पद का कोड / आरक्षण / क्षेत्र	वेतन बैंड & ग्रेड वेतन (GP)	पदनाम और पदों की संख्या / ऊपरी आयु सीमा	अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएँ एवं अनुभव	वांछनीय योग्यताएँ / अनुभव	कार्य का विनिर्देशन
		GP: रु. 8900	1 पद 50 वर्ष	रसायन विज्ञान /जैव प्रौद्योगिकी/ जैव सामग्री/ जैव उत्पाद/ एन्जाइम्स में स्पेशलाइजेशन के साथ संबंधित क्षेत्र में 6 वर्षों का अनुभव	में अनुभवी उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी।	
11	**T1712** **कंप्यूटर केन्द्र** **PwD** **(OH or HH)**	रु. 15600-39100 (PB-3) GP: रु. 5400	वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) 45 वर्ष (PwD के लिए आयु में छूट समेत)	B.Sc/BCA में प्रथम श्रेणी, MCA/M.Sc (कंप्यूटर विज्ञान/IT) में 55% अंक और संबंधित क्षेत्र में 2 वर्षों का अनुभव अथवा B.E/B.Tech (कंप्यूटर विज्ञान / IT) अथवा समकक्ष में 55% अंक और संबंधित क्षेत्र में 2 वर्षों का अनुभव	सिमुलेशन / मॉडलिंग से संबंधित अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर में अनुभव।	वेब / इंट्रानेट का विकास, डॉटनेट प्लेटफॉर्म में एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर का विकास।

UR: अनारक्षित; **ST:** अनु. जनजाति; **OBC:** अन्य पिछड़ा वर्ग; **PWD:** निःशक्त व्यक्ति; **OH-** अस्थि विकलांग; **HH:** श्रवण बाधित. उपर्युक्त योग्यताओं के अलावा, निर्धारित योग्यता के बराबर मान्यता प्राप्त किसी अन्य योग्यता को उस योग्यता के बराबर माना जाएगा।

सामान्य जानकारी और शर्तें :-

1. परिषद् की सेवा के तहत लाभ :

क	इन पदों के लिए केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को देय और CSIR के लिए लागू महंगाई भत्ता (DA), मकान किराया भत्ता (HRA), परिवहन भत्ता (TA) आदि सामान्य भत्ते दिये जाते हैं। परिषद् के कर्मचारी, CSIR के आवंटन नियमों के अनुसार और उपलब्धता के आधार पर उनके लिए लागू आवास के लिए पात्र हैं और ऐसे मामले में उन्हें मकान किराया भत्ता (HRA) नहीं दिया जायेगा।
ख	वेतन बैंड-3 में स्थित वैज्ञानिक 2 अतिरिक्त वेतन वृद्धि (DA के बिना) और प्रोफेशनल अपडेट भत्ता के लिए पात्र हैं।
ग	पदों की प्रत्येक श्रेणी के सामने दर्शाई गई परिलब्धियों के अलावा, CSIR के नियमों के अनुसार नई पेंशन योजना 2004 की प्रयोज्यता, चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति, अवकाश यात्रा रियायत, वाहन अग्रिम और गृह निर्माण अग्रिम इत्यादि सुविधाएँ

	उपलब्ध हैं।
घ	सीएसआईआर वैज्ञानिक और तकनीकी कर्मचारियों के लिए मूल्यांकन पदोन्नति योजना के तहत योग्य उम्मीदवारों के कैरियर उन्नयन के लिए उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है।
ङ	सीएसआईआर के नियमों के अनुसार योग्य उम्मीदवारों को अग्रिम वेतनवृद्धि के लिए विचार किया जा सकता है।
2. अन्य शर्तें :	
क	आवेदक भारतीय नागरिक होना चाहिए।
ख	सभी आवेदकों को आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को विज्ञापन में पद के निर्धारित अनिवार्य अपेक्षाओं और अन्य शर्तों को पूरा करना चाहिए। उन्हें यह सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है कि वे आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख तक विभिन्न पदों के लिए निर्धारित न्यूनतम अनिवार्य योग्यताओं को पूरा करते हैं। पात्रता के संबंध में सलाह माँगते हुए की जानेवाली पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।
ग	निर्धारित अनिवार्य योग्यताएँ न्यूनतम हैं और इन्हें पूरे करने मात्र से उम्मीदवारों का कोई अधिकार नहीं बनता कि उन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया जाए। विधिवत गठित जांच समिति उम्मीदवारों के शॉर्ट लिस्टिंग के लिए स्वयं के मानदंड अपनाएगी। **साक्षात्कार के लिए बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की संख्या को उचित स्तर तक सीमित करने के लिए सीएसआईआर-सीएलआरआई द्वारा निम्नलिखित पद्धतियों में से कोई एक या अधिक का अनुसरण कर उम्मीदवारों का शॉर्ट लिस्टिंग किया जाएगा :** i) विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक योग्यता से अधिक शैक्षिक योग्यता के आधार पर। ii) संबंधित क्षेत्र में अनुभव के बारे में विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम अनुभव से ज्यादा उच्च अनुभव के आधार पर iii) लिखित परीक्षा के आयोजन के आधार पर iv) जांच समिति द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कोई अन्य कार्यप्रणाले इसलिए उम्मीदवार को, न्यूनतम निर्धारित योग्यता के अलावा संबंधित क्षेत्र से जुडी सभी योग्यताओं और अनुभव के बारे में आवेदन में उल्लेख करना चाहिए, साथ में समर्थन दस्तावेज भी संलग्न करना चाहिए। कोर्स / डिग्री / Ph.D डिग्री का समापन अनंतिम प्रमाणपत्र / परिणाम की अधिसूचना जारी होने की तारीख से माना जाएगा।
घ	आवेदन के साथ संबंधित शैक्षिक योग्यता, अनुभव इत्यादि की अनुप्रमाणित प्रतियाँ संलग्न करनी चाहिए। निर्धारित योग्यता, मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों / संस्थानों आदि से प्राप्त किया जाना चाहिए। अपूर्ण अथवा आवश्यक प्रमाणपत्रों / दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदन / आवेदनों को अस्वीकृत किया जा सकता है।
ङ	अनिवार्य योग्यताओं की समकक्ष योग्यता के संबंध में, यदि कोई उम्मीदवार किसी विशेष योग्यता को विज्ञापन की अपेक्षा के अनुसार समकक्ष योग्यता के रूप में दावा करता है, तो उम्मीदवार को इस संबंध में आदेश / पत्र प्रस्तुत करना होगा और उस प्राधिकरण (संख्या और तारीख के साथ) का उल्लेख करना होगा जिसके तहत इसे मान्यता प्राप्त है। अन्यथा, आवेदन अस्वीकृत किया जा सकता है।
च	साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की लघु सूची बनाने के लिए उनके वैध अनुभव की गणना करते समय किसी उम्मीदवार द्वारा अंशकालिक आधार पर, दैनिक मजदूरी, विज़िटिंग / अतिथि संकाय के रूप में प्राप्त अनुभव की अवधि को गिना नहीं जाएगा।
छ	यदि प्रस्तुत किया गया कोई दस्तावेज / प्रमाणपत्र हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में है, तो उसकी एक प्रति को किसी राजपत्रित अधिकारी या नोटरी द्वारा विधिवत् सत्यापित करवाकर प्रस्तुत करना होगा।
ज	ऊपरी आयु सीमा, शैक्षिक योग्यता और / या अनुभव का निर्धारण करने की तारीख, आनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख होगी।
झ	किसी भी निर्धारित डिसिप्लेन / क्षेत्र में अनुभव की अवधि को उस ग्रेड के लिए विहित न्यूनतम निर्धारित शैक्षिक योग्यता प्राप्त

	करने की तारीख के बाद से गिना जाएगा।
ञ	भारत सरकार के निर्देश के अनुसार निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले विकलांग व्यक्तियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
ट	यदि कोई उम्मीदवार विदेश में रह रहा है, तो उनके लिखित अनुरोध पर उनकी अनुपस्थिति में उनकी उम्मीदवारी पर चयन समिति द्वारा विचार किया जा सकता है।
ठ	साक्षात्कार के लिए बुलाये गये और अर्हक पाये गये बाहरी उम्मीदवारों को ही यात्रा शुरू करने की असली जगह से अथवा अपने सामान्य निवास स्थान से, जो भी रेलवे स्टेशन के नजदीक है, रेल टिकट / रेल टिकट नंबर अथवा यात्रा का कोई अन्य सबूत प्रस्तुत करने पर उनको आने-जाने का एकल द्वितीय श्रेणी रेल किराया भुगतान किया जाएगा।
ड	यदि आवेदन में दी गई जानकारी और मूल दस्तावेज में पाई गई जानकारी के बीच कोई विसंगति पाई जाती है, तो उम्मीदवार को साक्षात्कार में भाग लेने के लिए अयोग्य माना जायेगा। ऐसे उम्मीदवार को कोई किराया भुगतान नहीं किया जाएगा।
ढ	पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन की विधा और परीक्षा/साक्षात्कार के आयोजन संबंधी सभी मामलों में सीएसआईआर-सीएलआरआई का निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।
ण	किसी भी रूप में प्रचार करना और / अथवा राजनीतिक रूप से अथवा अन्यथा प्रभावित करने का प्रयास करना पद के लिए अयोग्यता मानी जाएगी।
त	अंतरिम पूछताछ अथवा पत्राचार पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
3. छूट :	
क	प्रचलित सरकारी आदेशों के अनुसार ऊपरी आयु सीमा में अनु. जाति / अनु. जनजाति के लिए 05 वर्ष और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 03 वर्ष की छूट दी जाती है, **लेकिन केवल उन्हीं मामलों में जहाँ पद, संबंधित श्रेणियों के लिए आरक्षित हैं**, बशर्ते कि साक्षात्कार के समय निर्धारित प्रारूप में निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रासंगिक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।
ख	सीएसआईआर की प्रयोगशालाओं / संस्थानों, सरकारी विभागों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत कर्मचारियों को ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।
ग	भारत सरकार के प्रावधानों के अनुसार विधवा महिलाओं, तलाकशुदा महिलाओं और न्यायिक रूप से अपने पति से अलग रहनेवाली महिलाओं, जिन्होंने पुनः विवाह नहीं किया है, उनको ऊपरी आयु सीमा में 35 वर्ष तक (अनु. जाति / अनु. जनजाति तथा अ.पि.व. के लिए आरक्षित पदों के मामले में, अनु. जाति / अनु. जनजाति के सदस्यों के लिए 40 वर्ष तक और अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों के लिए 38 वर्ष तक) छूट दी जायेगी। इस उप अनुच्छेद के अधीन आयु में छूट की दावा करनेवालों को निम्न दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करना होगा : 1. विधवा महिला के मामले में, उनके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र और हलफनामा कि उन्होंने बाद में पुनः विवाह नहीं किया है। 2. तलाकशुदा महिलाओं और न्यायिक रूप से अपने पति से अलग रहनेवाली महिलाओं के लिए, तलाक अथवा न्यायिक पृथक्करण, यथास्थिति, के तथ्य को साबित करने के लिए उपयुक्त न्यायालय के निर्णय / डिक्री की एक प्रमाणित प्रति और तलाकशुदा महिलाओं के संबंध में एक हलफनामा कि उन्होंने पुनः विवाह नहीं किया है।
घ	दिव्यांग / निशक्त उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष (अनु. जाति / अनु. जनजाति और अ.पि.व. के लिए आरक्षित पदों के मामले में अ.जा./अ.ज.जा. को कुल 15 वर्ष और अ.पि.व. को कुल 13 वर्ष) की छूट दी जाएगी। इस उप-अनुच्छेद के तहत आयु सीमा में छूट का दावा करनेवाले व्यक्तियों को अपनी दावेदारी के समर्थन में निर्धारित प्रोफार्मा में एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उनकी शारीरिक अक्षमता 40% या उससे अधिक है। किसी भी मामले में, सरकार द्वारा निर्धारित मेडिकल फिटनेस मानकों के अनुसार चिकित्सकीय रूप से फिट पाये जाने पर ही इन उम्मीदवारों की नियुक्ति होगी।

ङ.	असाधारण प्रतिभाशाली उम्मीदवारों के विषय में अथवा पदों की भर्ती के लिए अपेक्षित योग्यता और / या अनुभव रखने वाले पर्याप्त उम्मीदवार उपलब्ध न होने की स्थिति में निर्धारित सीमा से अधिक आयु में छूट, शैक्षणिक योग्यता और / या अनुभव के बारे में विचार किया जा सकता है।
च	भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार भूतपूर्व सैनिक सहित सभी श्रेणियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी, बशर्ते कि उन्हें निर्धारित शर्तों को पूरा करना होगा।
छ	जम्मू-कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग में 01/01/1980 से 31/12/1989 के दौरान आमतौर पर अधिवासित लोगों के लिए पांच वर्ष की भी छूट दी जाएगी, बशर्ते कि संबंधित अधिकारी से संबंधित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. आवेदन कैसे करें :	
क	पात्र उम्मीदवारों को हमारी वेबसाइट http://www.clri.org के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा।
ख	यदि उम्मीदवार के पास कोई वैध ई-मेल आईडी नहीं है, तो उन्हें ऑनलाइन आवेदन करने से पहले एक नया वैध ई-मेल आईडी बनाना चाहिए।
ग	ऑनलाइन आवेदन हमारी वेबसाइट **http://www.clri.org पर 01.05.2017 को सायं 5.30 बजे तक** उपलब्ध रहेगा।
घ	उम्मीदवारों को SBI के कलेक्ट के माध्यम से ऑनलाइन / भारतीय स्टेट बैंक शाखा द्वारा 100/- रुपये का आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। **अनु. जाति / अनु. जनजाति / निशक्त व्यक्तियों / महिला उम्मीदवारों / सीएसआईआर के कर्मचारियों को आवेदन शुल्क जमा करने से छूट दी जाती है।**
ङ.	यदि कोई विश्वविद्यालय / संस्थान CGPA / SGPA / OGPA ग्रेड इत्यादि प्रदान कर रहे हैं, तो उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपने विश्वविद्यालय / संस्थान के फार्मूले के आधार पर उक्त ग्रेड को प्रतिशत में परिवर्तित करें।
च	ऑनलाइन आवेदन करने की विस्तृत प्रक्रिया के बारे में सीएसआईआर-सीएलआरआई के वेबसाइट http://www.clri.org में प्रदर्शित किया जाएगा।
छ	कंप्यूटर जनित आवेदन (प्रिंट-आउट) के साथ प्रमाण-पत्रों, मार्क शीटों की अनुप्रमाणित प्रतियाँ, आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, प्रकाशनों का पुनर्मुद्रण, जाति प्रमाण पत्र, यदि लागू हो तो, के समर्थन में प्रमाण और SBI Collect भुगतान रसीद (यदि लागू हो) एक लिफाफे में रखकर उसके ऊपर **"___________________ पद (पद का कोड) ________ के लिए आवेदन"** लिखकर डाक द्वारा **अनुभाग अधिकारी E.I, सीएसआईआर - केन्द्रीय चर्म अनुसंधान संस्थान, सरदार पटेल रोड, अडयार, चेन्नई-600 020 तमिलनाडु, भारत** के पते पर भेजना चाहिए **ताकि 08.05.2017 तक पहुँच सके**। एक से अधिक पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को प्रत्येक पद का कोड नंबर दर्शाते हुए प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा। प्रत्येक आवेदन की हार्ड प्रति के साथ अलग-अलग SBI Collect भुगतान रसीद संलग्न करना चाहिए।
ज	एक बार किया गया आवेदन वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और एकबार अदा किया गया शुल्क किसी भी हालत में वापस नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य भर्ती अथवा चयन प्रक्रिया के लिए रिज़र्व में रखा जाएगा।
झ	सरकारी विभागों के कर्मचारियों के आवेदनों पर केवल तभी विचार किया जाएगा, यदि वे उचित माध्यम से अग्रेषित किये गये हों, नियोक्ता द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक के चयन होने पर नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के एक माह के भीतर उन्हें कार्यमुक्त किया जायेगा। इसके अलावा, सतर्कता मंजूरी भी दर्ज किया जाना चाहिए। हालांकि, आवेदन की अग्रिम प्रति अंतिम तारीख से पहले प्रस्तुत की जा सकती है। उचित माध्यम से प्रेषित आवेदन शीघ्र सीएलआरआई में प्राप्त होने चाहिए।
ञ	उम्मीदवार विशेष रूप से ध्यान दें कि किसी भी कारणवश (लिफाफों पर गलत पता लिखना, अन्यत्र डेलिवर किया जाना, डाक विभाग द्वारा होनेवाला विलंब इत्यादि) अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर सीएलआरआई द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।
ट	असंपूर्ण आवेदनों (यानी फोटोग्राफ के बिना, हस्ताक्षर के बिना, आवेदन शुल्क के बिना, लागू प्रमाणपत्रों के बिना इत्यादि) पर

	विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
5. आवेदन पत्रों को डाक द्वारा प्रेषित करते समय निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना चाहिए :	
क	SBI Collect भुगतान रसीद की प्रति, जहाँ कहीं लागू हो
ख	फार्म पर चिपकाया गया पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ, जिस पर तिरछे पूर्ण हस्ताक्षर किए गए हो।
ग	जन्म तिथि प्रमाणपत्र की स्व अनुप्रमाणित प्रति
घ	शैक्षिक योग्यता(ओं) की प्रमाणपत्रों की स्व अनुप्रमाणित प्रतियाँ
ङ.	जाति प्रमाणपत्र की स्व अनुप्रमाणित प्रति, यदि लागू हो
च	अनुभव प्रमाणपत्र की स्व अनुप्रमाणित प्रति, यदि कोई हो
	वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक